# जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता में दिनांक 12.08.2025 को पैकेज–2 की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 अनुमोदन हेतु आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक – 1575 / JJM- / 212 दिनांक 18.8.2025

भारत सरकार/राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में निर्माणाधीन सतही श्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के पैकेज–2 की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 के अनुमोदन हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक दिनांक 12.08.2025 को कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद के कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
2. प्रतिनिधि, जिला विकास अधिकारी (सदस्य)।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित (सदस्य)।
4. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (सदस्य)।
5. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई (सदस्य)।
6. जिला कृषि अधिकारी, (सदस्य)।
7. प्रतिनिधि, जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी (सदस्य)।
8. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
9. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
10. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
12. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, फिरोजाबाद।
13. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
14. श्री एन0एस0 वीरामनी, पी0एम0, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम(फेज–4) के अन्तर्गत जनपद के 09 विकास खण्ड के अधीन 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मो नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड पैकेज–1 के अनुबन्ध सं0–15/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 09.10.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 08.04.2025 है। इसी प्रकार मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड पैकेज–2 के अनुबन्ध सं0–02/ED/Phase-4/2023-24 के कार्य प्रारम्भ का दिनांक 14.07.2023 एवं कार्य समाप्ति का दिनांक 13.01.2025 है, जोकि समाप्त हो चुकी है। फर्मो द्वारा क्रमशः पैकेज–1 व 2 के कार्य सम्पादित कराये जा रहे है, जिसमें पैकेज–1 की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जा चुकी है तथा पैकेज–2 की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गयी है :–

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फिरोजाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत 8 नग आई0बी0पी0एस0, 249 नग नवीन शिरोपरि जलाशय, वितरण प्रणाली– 5424.70 कि0मी0, 1332.73 कि0मी0 क्लीयर वाटर राइजिंग मेन एवं 210677 क्रियाशील गृह जल संयोजन (FHTC) आदि सम्बन्धी कार्य मैसर्स लॉर्सन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत पुनरीक्षित डी0पी0आर0 हेतु अवलोकन कर विवरण, निम्नवत् प्रस्तुत किया गया है :–

1. पूर्व डी0पी0आर0 में 08 नग रेलवे की ट्रेंचलेस क्रासिंग सम्मिलित की गयी थी, जबकि पुनरीक्षित डी0पी0आर0 में 28 नग रेलवे की ट्रेंचलेस क्रासिंग सम्मिलित की गयी है। इस सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा उपरोक्त वृद्धि का कारण विवरण सहित उपलब्ध कराने के निर्देश के क्रम में फर्म/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद द्वारा उक्त वृद्धि का कारण कुछ स्थलों पर अवर जलाशय की भूमि विवादित होने के कारण, चिन्हांकन में विलम्ब तथा रीक्लस्टरिंग किये जाने के फलस्वरूप 20 नग रेलवे ट्रेंचलेस क्रासिंग की वृद्धि होना से अवगत कराया गया है।

2. पुनरीक्षित प्राक्कलन में 68 नग सिंचाई विभाग की क्रासिंग ट्रेंचलेस पद्धति से कराया जाना है जिसमें जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा की गयी बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण) एवं सिंचाई विभाग द्वारा उक्त स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया गया है, जिसके क्रम में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, फिरोजाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त 68 नग ट्रेंचलेस क्रासिंग में से मात्र 08 नग ओपनकट पद्धति से क्रासिंग की जा सकती है।

3. अनुबंध परिशिष्ट के अनुसार सभी क्लीयर वाटर स्टोरेज और पम्प हाउस संरचनाओं के लिए 8 नग Residual Chlorine Analyser का प्राविधान किया गया था, जिसे पानी की गुणवत्ता बनाए रखने एवं समस्त ग्रामों में लाभार्थियों द्वारा उपभोग किया जाने वाला पेयजल की सुरक्षा मानकों को बनाये रखने हेतु सभी नये व पुराने अवर जलाशयों में 410 नग की वृद्धि की गयी।

4. अनुबंध परिशिष्ट के अनुसार अल्ट्रासोनिक लेवल ट्रांसमीटरों का प्राविधान 177 नग था, जो 16 नग आई0बी0पी0एस0 (2 नग/आई0बी0पी0एस0) एवं 161 नग पूर्व निर्मित ओ0एच0टी0 के लिए थे। हालांकि, पानी की मात्रा को सटीक रूप से मापने और मौजूदा और प्रस्तावित दोनों टैंकों में पानी के स्तर को प्रबंधित करने के लिए कुल 410 नग ओ0एच0टी0 (161 नग पूर्व निर्मित एवं 249 प्रस्तावित) एवं 16 नग आई0बी0पी0एस0 इस प्रकार कुल 426 नग के लिये अल्ट्रासोनिक लेवल ट्रांसमीटरों की आवश्यकता है।

<u>बिन्दु संख्या–3 व 4 का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है</u> :–

| BOQ | Description | UoM | Rate | Quantity As per Current BOQ | | Quantity As Per Revised BOQ | | Variation (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S No | | | | Quantity | Value (In Rs.) | Qty | Value (In Rs.) | |
| 41.03 | Residual Chlorine analyser with flow through assembly | Nos | 1,90,393.74 | 8 | 15,23,150 | 418 | 7,95,84,583 | 7,80,61,433 |
| 41.04 | Ultrasonic type level transmitter | Nos | 39,718.47 | 177 | 70,30,169 | 426 | 1,69,20,068 | 98,89,898 |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम के द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के पुनरीक्षित प्राक्कलन के अनुसार, वर्तमान कार्य लागत रू0 116545.71 लाख में अनुमानित लागत कुल रू0 4525.98 लाख (3.88 प्रतिशत वृद्धि) की वृद्धि हुयी है। वर्तमान में कार्य लागत रू0 116545.71 + 4525.98 लाख = 121071.70 लाख (Capital Expenditure) है। इस प्रकार योजना की (जी0एस0टी0, सेंटज एवं Permission चार्जेस इत्यादि सहित) कुल अनुमानित कार्य लागत 152763.80 लाख, 10 वर्ष हेतु संचालन

एवं अनुरक्षण (जी0एस0टी0 सहित एवं सेंटज रहित) लागत रू0 18149.05 लाख एवं विद्युत व्यय रू0 19039.41 लाख का प्राविधान करते हुये कुल अनुमानित लागत रू0 189952.26 लाख की डी0पी0आर0 क्षेत्रीय तकनीकी समिति से स्वीकृति उपरान्त प्रस्तुत है।

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, फिरोजाबाद की बैठक में समिति द्वारा क्रासिंग का सत्यापन उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण), टी0पी0आई0 व डी0पी0एम0यू0 से कराने के उपरान्त 08 नग ट्रेंचलेस क्रासिंग को ओपनकट पद्धति से कराने में आने वाली धनराशि के अन्तर को छोड़कर, बिन्दु संख्या–3 व 4 की मात्रा में हुयी वृद्धि को पूर्व में न लेने पर खेद व्यक्त करते हुये, समिति द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कराने के निर्देशित किया गया।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(रमेश रंजन)
जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
6. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।